# PANDIT S.N. SHUKLA UNIVERSITY,SHAHDOL (M.P.)
# पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल (म.प्र.)

Phone:07652-240917●Email : ptsnsuniversity@gmail.com●Website : ptsnsuniversity.ac.in

No. 1575 /2021 Shahdol, Dated : 07-12-2021

**सीधी भर्ती से भरे जाने वाले गैर-शैक्षणिक तृतीय श्रेणी पदों हेतु विज्ञापन**

पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल (म.प्र.) द्वारा निम्नलिखित गैर–शैक्षणिक तृतीय श्रेणी के पदों हेतु अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं –

| क्र. | पदनाम | कुल पद | अनारक्षित | अनु. जनजाति | अनु. जाति | अ.पि. वर्ग | ई.डब्ल्यू. एस. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक ग्रेड 03 | 06 | 02 | 01 | 01 | 01 | 01 |
| 2 | ग्रंथालय सहायक | 04 | 02 | 01 | —— | 01 | —— |
| 3 | प्रयोगशाला तकनीशियन | 09 | 03 | 02 | 01 | 02 | 01 |

टीप : महिलाओं एवं दिव्यांगजन हेतु आरक्षण म.प्र. शासन के नियमानुसार मान्य होंगे। नियुक्तियां माननीय उच्च न्यायालय के आरक्षण संबंधी नियमानुसार होंगी।

उपरोक्त गैर–शैक्षणिक तृतीय श्रेणी पदों हेतु उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन के नियमानुसार शैक्षणिक अर्हता एवं अन्य सेवा शर्तों के अधीन नियुक्तियाँ की जाएंगी। इन पदों में नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा 200 अंकों की होगी, जिसमें सामान्य ज्ञान, गणित, विज्ञान एवं कम्प्यूटर दक्षता से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे। तत्पश्चात् लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की प्रावीण्य सूची के आधार पर चयन समिति की अनुशंसानुसार नियुक्ति की जावेगी। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ptsnsuniversity.ac.in पर उपलब्ध है। तृतीय श्रेणी के पदों हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में स्वहस्ताक्षरित दस्तावेजों सहित डिमांड ड्राफ्ट अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु रू. 1000/– तथा अ.ज.जा./अ.जा. अभ्यार्थियों के लिए रू. 500/– जो पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल के पक्ष में देय होगा, **कुलसचिव, पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय शहडोल, नवलपुर परिसर, शहडोल (म.प्र.) 484001** के पते पर भेजें, ताकि आवेदन पत्र **अंतिम तिथि 10 जनवरी 2022** तक आवश्यक रूप से प्राप्त हो जाए।

दो या दो से अधिक पदों एवं विषयों पर आवेदन के इच्छुक आवेदकों को प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन करना होगा। लिफाफे के ऊपर विज्ञापन क्र......... ..................दिनांक.................आवेदित पद ................................का उल्लेख करना आवश्यक है। अद्यतन सूचना/ जानकारी हेतु आवेदक विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ptsnsuniversity.ac.in का अवलोकन करते रहें।

कुलसचिव

PANDIT S. N. SHUKLA UNIVERSITY, SHAHDOL (MP)
पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल (म.प्र.)
Phone : 07652-240917●Email : ptsnsuniversity@gmail.com●Website : ptsnsuniversity.ac.in

## गैर–शैक्षणिक (तृतीय श्रेणी ) पदों पर नियुक्ति हेतु अभ्यार्थियों के लिये महत्वपूर्ण निर्देश

1. गैर–शैक्षणिक तृतीय श्रेणी के पदों हेतु उच्च शिक्षा विभाग / सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश राज्य शासन के नियमानुसार शैक्षणिक अर्हता एवं अन्य सेवा शर्तों के अधीन नियुक्ति की जाना है। विभिन्न पदों हेतु वांछित योग्यता निम्नानुसार है–

| क्र. | पदनाम | वांछित शैक्षणिक योग्यता | वेतनमान |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रयोगशाला तकनीशियन | स्नातक उपाधि (प्रायोगिक विषय के साथ) परीक्षा उत्तीर्ण | Level – 6 (25300-80500) |
| 2 | सहायक ग्रेड–03 | हायर सेकेण्डरी अथवा समकक्ष परीक्षा तथा कम्प्यूटर दक्षता प्रमाण–पत्र परीक्षा (CPCT) उत्तीर्ण (हिन्दी) | Level – 4 (19500-62000) |
| 3 | ग्रंथालय सहायक ग्रेड–3 | हायर सेकेण्डरी अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण | Level – 4 (19500-62000) |

उपरोक्त पदों पर चयन के लिये लिखित परीक्षा 200 अंकों की होगी, जिसमें सामान्य ज्ञान, गणित, विज्ञान एवं कम्प्यूटर दक्षता से संबंधित प्रश्न होंगे, आयोजित की जावेगी। तत्पश्चात् लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की प्रावीण्य सूची के आधार पर चयन–समिति के अनुशंसानुसार नियुक्तियाँ की जावेगीं।

2. आरक्षण संबंधी नियम, मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार ही मान्य होंगे। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व) द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमीलेयर) के अभ्यर्थियों को स्थायी जाति प्रमाण–पत्र जो सक्षम अधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा जारी किया गया हो) के साथ–साथ विगत वित्तीय वर्ष का आय प्रमाण–पत्र (अभिभावक का) भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यह प्रमाण–पत्र भी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया होना चाहिए। दिव्यांगजन तथा ई.डब्ल्यू.एस. के अभ्यार्थियों को भी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी वैद्य प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। दिव्यांगजन आरक्षण की पात्रता राज्य शासन के नियमानुसार होगी।
3. केन्द्र या राज्य के शासकीय /अर्द्धशासकीय कार्यालयों/संस्था में कार्यरत् कर्मचारियों को नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. आयु सीमा– (आयु संगणना तिथि 01.01.2022 की स्थिति में) 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, किन्तु 40 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो।
5. आयु सीमा में छूट : सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के परिपत्र क्रमांक 3–8/2016/3–1 दिनांक 12 मई 2017 के अनुसार दी जावेगी।
6. बाह्य राज्य के समस्त उम्मीदवार अनारक्षित वर्ग में मान्य किये जावेंगे।
7. नियुक्ति के पश्चात् 02 वर्ष की परीवीक्षा अवधि होगी।

8. केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा अथवा केन्द्र या राज्य सरकार के अधिकारी या भारत के किसी भी न्यायालय द्वारा या स्थानीय प्राधिकारी या सरकारी निगम द्वारा केन्द्र या राज्य सरकार के स्वामित्व वाले नियंत्रित व्यक्ति द्वारा सेवा से बर्खास्त किया गया अभ्यर्थी पात्र नहीं होगा।
9. आवेदन–पत्र प्रेषित करने के पूर्व आवेदक यह सुनिश्चित कर लें कि आवेदन–पत्र पर उनका नवीनतम स्व–हस्ताक्षरित पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा कर, 01 अतिरिक्त फोटो, स्व–हस्ताक्षरित दस्तावेज, बैंक ड्राफ्ट संलग्न है एवं सभी प्रविष्टियां पूर्ण हैं। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि, वे अपने आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को पूरा करते हैं। अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन–पत्र भरें। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन–पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जाएगी।
10. तृतीय श्रेणी पदों के अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिये आवेदन शुल्क रुपये 1000=00 एवं अ.ज.जा/अ.जा संवर्ग के लिये आवेदन शुल्क रूपये 500=00 होगा। आवेदन शुल्क मध्यप्रदेश के किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से डिमांड ड्राफ्ट द्वारा **कुलसचिव, पंडित एस.एन.शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल** के पक्ष में देय होगा। आवेदन शुल्क नॉन–रिफन्डेबल होगा।
    परीक्षा में सम्मिलित हुये उम्मीदवारों को यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।
11. आवेदक अपना आवेदन डिमांड ड्राफ्ट संलग्न कर रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा कुलसचिव, पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय, नवलपुर परिसर, शहडोल (म.प्र.) 484001 के पते पर प्रेषित करें। यह जिम्मेदारी आवेदक की होगी कि आवेदन विश्वविद्यालय को निर्धारित **अंतिम तिथि 10 जनवरी 2022** तक प्राप्त हो जाए। डाक से विलम्ब अथवा अन्य किसी भी कारण से विलम्ब के लिये विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जायेगा।
12. चयन–प्रक्रिया को संशोधित या निरस्त करने का पूर्ण अधिकार माननीय कुलपति, पंडित एस.एन.शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल को होगा।
13. रिक्तियां परिवर्तनीय हैं। विश्वविद्यालय रिक्तियों को भरने/न भरने/ परिवर्तन/निरस्त करने के लिये सर्वथा अधिकृत है।
14. यदि कोई उम्मीदवार विज्ञापन की शर्तें पूरी न करते हुए भी आवेदन प्रेषित करता है, या विज्ञापन में उल्लेखित शैक्षणिक व तकनीकी योग्यता से संबंधित कोई भी दस्तावेज संलग्न नहीं करता है या उसका आवेदन पत्र त्रुटि पूर्ण पाया जाता है, तो किसी भी स्तर पर उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जायेगी, जिस पर कोई पत्राचार मान्य नहीं होगा।
15. यदि किसी अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय में विचाराधीन हो अथवा किसी न्यायालय से निराकृत हो चुका हो, तो निर्णय/संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक व दिनांक आदि की जानकारी अनिवार्यतः दें। यदि कोई अभ्यर्थी आवेदन में दाण्डिक प्रकरण की जानकारी छिपाता है, तो किसी भी समय संज्ञान में आने पर उसकी अभ्यर्थिता/नियुक्ति तत्काल बिना कोई कारण बताये निरस्त कर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
16. जो उम्मीदवार नैतिक अधमता से जुड़े अपराध के लिये दोषी ठहराया गया हो। वह सेवा के लिए अपात्र होगा। नियमानुसार कार्यवाही भी की जावेगी।

17. कोई भी उम्मीदवार जिसकी 02 से अधिक जीवित संतान हैं तथा उनमेंसे एक का जन्म 26.01.2001 को या उसके पश्चात् हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा, इससे संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करना होगा।
18. अभ्यर्थी किसी भी पद हेतु किसी भी स्थापना में नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा यदि उसके विरूद्ध किसी कार्यालय में विभागीय जाँच लंबित हो।
19. अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने पर पृथक–पृथक आवेदन–पत्र प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थी लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का उल्लेख अवश्य करें।
20. किसी भी विवाद की स्थिति में माननीय कुलपति, पंडित एस.एन.शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल का निर्णय अंतिम होगा।

<u>निम्नलिखित मामलों में, उल्लंघन करने वाले आवेदकों का अभियोजन किया जा सकेगा और/या चयन के लिये उसकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी और/या उसे या तो स्थायी रूप से विवर्जित कर दिया जाएगा</u> :–

1. जिसने अपनी उम्मीदवारी के लिये चयन में किसी भी तरीके से समर्थन प्राप्त किया हो या इसके लिये प्रयास किया हो, या
2. प्रतिरूपण (इम्परसोनेशन) किया हो या कराया हो, या
3. कूटरचित दस्तावेज या ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किये हों, जिनमें फेरबदल किया गया हो, या
4. चयन के किसी भी स्तर पर किसी भी आवेदन/प्रपत्र/अनुप्रमाणन/दस्तावेज में, असत्य जानकारी दी हो या सारभूत जानकारी छिपाई हो।

कुलसचिव

# PANDIT S. N. SHUKLA UNIVERSITY, SHAHDOL (MP)
# पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल (म.प्र.)
Phone : 07652-240917 ● Email : ptsnsuniversity@gmail.com ● Website : ptsnsuniversity.ac.in


## तृतीय श्रेणी पद हेतु आवेदन–पत्र

(प्रयोगशाला तकनीशियन / सहायक ग्रेड–3 / ग्रंथालय सहायक ग्रेड–3)

रंगीन नवीनतम
पासपोर्ट
साईज फोटो
स्व–अभिप्रमाणित

1. आवेदित पद ..........................................................................................................
2. बैंक ड्राफ्ट का विवरणः शुल्क .......................... डी.डी. नं. ............................ दिनांक ........................

   जारीकर्ता बैंक का नाम / ब्रांच / शहर.........................................................................................
3. आवेदक का नाम (हिन्दी में) .........................................................................................

   (अंग्रेजी में) .........................................................................................
4. जन्मतिथि (अंकों में) .........................................................................................

   (शब्दों में) .........................................................................................
5. आवेदक की आयु (01.01.2022 की स्थिति में) ..............वर्ष..................... माह...................... दिन
6. पिता / पति का नाम .........................................................................................
7. स्थायी पता .........................................................................................

   .........................................................................................

   पिन.....................................................................मोबाईल नं. ..........................................................
8. पत्राचार का पता .........................................................................................

   .........................................................................................

   पिन.....................................................................मोबाईल नं. ..........................................................
9. ई–मेल.......................................................................................... 10. राष्ट्रीयता ....................................

11. क्या आवेदक म.प्र. का मूल निवासी है–हाँ / नहीं .................................

    (यदि हाँ तो म.प्र. का निवास प्रमाण–पत्र संलग्न करें।)
12. लिंग–महिला / पुरुष / अन्य ..................................................
13. संवर्ग– (i) अनारक्षित ..................................................

    (iii) अ.जा. / अ.ज.जा / अ.पि.वर्ग (Non Creamy Layer) / E.W.S. / दिव्यांगजन .........

    (प्रमाण–पत्र संलग्न करें)।

(म.प्र. राज्य के मूल निवासी अ.जा. / अ.ज.जा / अ.पि.वर्ग (Non Creamy Layer) / E.W.S. / दिव्यांगजन के अभ्यर्थी ही आरक्षण हेतु मान्य हैं)

14. शैक्षणिक योग्यता–

| क्रं. | कक्षा | बोर्ड / वि.वि.तथा उत्तीर्ण करने का वर्ष | विषय | प्राप्तांक / योग | प्राप्तांकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | | | | |
| 2 | हायरसेकेण्डरी | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | |
| 4 | अन्य | | | | |

15. कम्प्यूटर दक्षता प्रमाण–पत्र परीक्षा (हिन्दी) (CPCT)उत्तीर्ण करने का वर्ष (प्रमाण पत्र संलग्न करें) : (सहायक ग्रेड–3 पद हेतु)

16. नियोजन संबंधी नियोक्ता का आपत्ति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)

17. आपराधिक / न्यायालयीन प्रकरण के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

## प्रमाणीकरण

मैं प्रमाणित करता हूँ कि उपरोक्त जानकारी सत्य है एवं असत्य पाए जाने, आवेदन–पत्र अपूर्ण होने अथवा वांछित स्व–हस्ताक्षरित दस्तावेज संलग्न न होने पर मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकता है, जिसकी जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांकः–　　　　नाम ..............................................................

संलग्नस्व–अभिप्रमाणित अभिलेखों की सूची–

1. बैंक ड्राफ्ट की मूलप्रति
2. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची एवं प्रमाण–पत्र (समस्त)
3. स्थायी जाति प्रमाण–पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी
4. मध्यप्रदेश मूल निवास प्रमाण–पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी
5. विगत वर्ष का आय प्रमाण–पत्र (अ.पि.व. (नॉन क्रीमीलेयर) तथा ई.डब्ल्यू.एस. अभ्यर्थियों के लिए)
6. दिव्यांगजन प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी
7. ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी (यदि लागू हो)
8. शपथ–पत्र (दो संतान संबंधी)
9. नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो)
10. जन्म प्रमाण–पत्र　　11. कम्प्यूटर दक्षता प्रमाण–पत्र हिन्दी (CPCT) सहायकग्रेड–3 पद हेतु
12. शपथ–पत्र (आपराधिक गतिविधि / न्यायालयीन प्रकरण में संलग्न न होने संबंधी)
13. एक अतिरिक्त फोटोग्राफ (पासपोर्ट साईज)

<u>नोटः</u>– शैक्षणिक योग्यता, आयुसीमा, चयन की प्रक्रिया, आवेदन शुल्क, आवेदन की अंतिम तिथि एवं अन्य विस्तृत विवरण महत्वपूर्ण निर्देश के अंतर्गत विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ptsnsuniversity.ac.in पर देखा जा सकता है।